कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 02-06-2024

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा जिलाधिकारी वाराणसी श्री एस. राजलिंगम के साथ पहड़िया मंडी स्थित स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का किया गया निरीक्षण।

- **स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर मतगणना की तैयारियों की ली गई जानकारी**
- **सीपीएफ, पीएसी व सिविल पुलिस की त्रि-स्तरीय सुरक्षा में है स्ट्रांग रूम**

आज दिनांक 02-06-2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा जिलाधिकारी वाराणसी श्री एस. राजलिंगम के साथ निर्वाचन आयोग से प्राप्त सुरक्षा सम्बन्धित गाइड लाइन के अनुरूप पहड़िया मंडी स्थित स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर मतगणना की तैयारियों की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) श्री एस. चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त वरूणा श्री श्याम नारायण सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त वरूणा श्री सरवणन टी., अपर पुलिस उपायुक्त यातायात श्री राजेश कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

- **पहड़िया मण्डी गेट नं0 01 से मतगणना ड्यूटी में लगाये गये कर्मियों व मीडिया को मिलेगा प्रवेश**
- **गेट नं0 03 से प्रत्याशियों, पोलिंग एजेंट व इलेक्शन एजेंट को मिलेगा प्रवेश**
- **मतगणना स्थल से 200 मी0 पूर्व वाहनों की पार्किंग बनाई गयी है, उसके आगे वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे।**
- **मतगणना स्थल पर मोबाईल फोन वर्जित है। अत: पोलिंग एजेंट मोबाईल फोन लेकर न आये।**
- **पर्याप्त संख्या में DFMD (डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर) लगाये जा रहे है, मतगणना स्थल पर प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की चेकिंग फ्रिस्किंग की जायेगी।**
- **बिना पास/ड्यूटी कार्ड के मतगणना स्थल पर प्रवेश वर्जित है, अत: पोलिंग एजेंट व ड्यूटी में लगे कर्मी पास/ड्यूटी कार्ड के साथ अपना आई-कार्ड लेकर आये।**

- **ज्वलनशील पदार्थ जैसे लाइटर, माचिस व शस्त्र आदि भी वर्जित है।**
- **सुरक्षा हेतु 200 अर्द्धसैनिक बल के जवान, 100 पीएसी के जवानों सहित लगभग 1000 पुलिसकर्मी तैनात किये जा रहें हैं एवं 20 राजपत्रित अधिकारी तैनात रहेंगे।**
- **मतगणना स्थल पर प्रत्येक प्वाइंट की वीडियोग्राफी कराई जायेगी।**
- **विजय जुलूस पर प्रतिबन्ध रहेगा।**

निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, गार्द रूम के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। बिजली आपूर्ति, अग्नि सुरक्षा उपायों और स्ट्रांग रूम पर रखे गये आधिकारिक रजिस्टरों के रख-रखाव व अद्यतनीकरण के बारें में जानकारी ली एवं बैरियर, बैरिकैटिंग, पार्किंग व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया व सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
कमिश्नरेट वाराणसी।